भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
**MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA**
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672,Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

CENSUS OF INDIA 2011

पत्रांक डी. 11011/1/2015 पार्ट– I -187 दिनांक– 29-1-2016

निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा पटना स्थानान्तरण हेतु परिवहन कार्य के लिए पंजीकृत ट्रांसपोर्ट फर्मसे निम्नलिखित शर्तों के साथ निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

## निविदा आमंत्रण एवं शर्तें

निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा (8वॉं तल) पटना निदेशालय तक उपस्करों को स्थानान्तरण हेतु परिवहन कार्य के लिए मोटर परिवहन उपक्रम चलानेवाले निबंधित ट्रान्सपोर्टरों से दो बिड पद्धति अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। तकनीकी बिड (Technical Bid) एवं वित्तीय बिड (Financial Bid) को अलग–अलग लिफाफों में जिन पर स्पष्ट अक्षरों में तकनीकी बिड और वित्तीय बिड (निर्धारित दिनांक सहित) अंकित हो। इन दोनों लिफाफों को पुनः एक बड़े से लिफाफे में रखकर एवं उक्त लिफाफा पर **'परिवहन हेतु निविदा'** अंकित कर **दिनांक 11.02.2016** के अपराह्न **3 बजे** तक कार्यालय मे रखे निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं। तकनीकी बिड (Technical Bid) दिनांक **11.02.2016** को अपराह्न 04.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाता का ही वित्तीय बिड (Financial Bid) खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**निविदा शर्तें निम्नवत् है:–**

1) निविदादाताओं को मालवाहक ट्रकों या अन्य उचित मोटर वाहन का दर निविदा में प्रति वाहन लोडिंग एवं अनलोडिंग ( निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा(8वॉं तल) पटना में रखने) के साथ अलग–अलग अंकों तथा शब्दों में दर्शानी होगी तथा अपनी जिम्मेवारी पर उपस्करों की सम्पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ढुलाई करनी होगी। अलग से कोई दर/व्यय देय नहीं होगा।

2) लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य निदेशालय द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/कर्मचारी की देख–रेख एवं दिशा निर्देश में करना होगा। उपस्करों को कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा (8वॉं तल) पटना में संधारित करना होगा।

3) निविदादाताओं द्वारा किसी भी कार्य दिवस को संबंधित कार्यालय में रखे उपस्करों को कार्यालय अवधि (9.30A.M. से 6.00 P.M) में उपस्करों का अवलोकन किया जा सकता है।

4) निविदादाता को निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा(8वॉं तल) पटना स्थानान्तरण ट्रान्सपोर्टेशन के दौरान अन्य किसी प्रकार के सामानों को उक्त उपस्करों के साथ ढुलाई करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

5) निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा(8वॉं तल) पटना स्थानान्तरण के समय यह ध्यान रखना होगा कि कोई भी सामान पहुॅंचाने तक आग, धूप, कीचड़, पानी, वर्षा, दंगा, हड़ताल एवं चोरी या अन्य किसी प्रकार की क्षति से बचाने की जिम्मेदारी ट्रांसपोर्टर की होगी ।

6) निविदादाता को यह गारंटी देनी होगी कि इस निदेशालय द्वारा न्यूनतम दर के अनुमोदन एवं आदेशोपरांत कार्य 7 दिनों के अन्दर समाप्त कर देगें। समय पर कार्य समाप्त नहीं करने की परिस्थिति में अन्य ट्रान्सपोर्टरों से ट्रक (वाहन) की व्यवस्था करने को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी तथा उन्हें अतिरिक्त व्यय की गई राशि का भुगतान करना होगा।

7) नियमानुसार भुगतेय राशि से आयकर की कटौती की जायेगी।

8) किसी निविदा को बिना कारण बताये रद्द घोषित करने एवं आंशिक संशोधन का अधिकार निदेशालय के पास सुरक्षित रहेगा।

9) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

10) लोडिंग/अनलोडिंग एवं निर्धारित स्थान पर पहुँचाने तक सामानों को सुनिश्चित पद्धति से रखने की जिम्मेवारी ट्रांसपोर्टर की होगी।

11) प्रस्तुत दर छः माह तक मान्य होगा।

**11) तकनीकी बिड (Technical Bid) के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करना होगाः–**

a. आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड नम्बर की प्रति

b. श्रम विभाग द्वारा निर्गत निबंधन पत्र की प्रति

c. सर्विस टैक्स विभाग द्वारा निर्गत निबंधन पत्र की प्रति

d. फर्म द्वारा जमा किया गया आयकर मद की विगत तीन साल की विवरणी की प्रति

e. वार्षिक वितीय अंकेक्षण की वितीय वर्ष 2014–2015 की प्रति जो कम से कम 5 (पांच) करोड़ का टर्न ओभर ट्रांसपोर्टेशन के क्षेत्र में दिखलाता हो।

f. मंत्रालयों / विभागों में परिवहन कार्य करने का अनुभव की प्रति

g. रू 20,000/– ( बीस हजार रुपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट अग्रधन राशि (ई.एम.डी.) के रूप में जो सहायक निदेशक –सह– डी0डी0ओ0 जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना के नाम देय हो, समर्पित करना होगा। बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा राशि कार्य समाप्ति उपरांत वापस कर दिया जायेगा।

**15) वित्तीय बिड (Financial Bid)**

**a.** निदेशालय में रखे सभी सामानों का (फर्निचर, आलमीरा, संचिका इत्यादि) वाहन ढुलाई की सामेकित दर लोडिंग एवं अनलोडिंग सहित ( निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कूर्परी ठाकुर सदन दीघा(8वॉ तल) पटना ) अंकों तथा शब्दों में दर्शानी होगी ।

**b. कोई भी अन्य दर स्वीकार नहीं होगा।**

28/1/16

(धीरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक

प्रतिलिपिः– 1. ओ0आर0जी0आई0 वेबसाईट, नई दिल्ली
2. मुख्यालय सूचना पटट।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672,Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

CENSUS OF INDIA 2011

पत्रांक डी. 11011/1/2015 पार्ट– I - 208 दिनांक – 01.02.2016

संशोधित निविदा

निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा पटना स्थानान्तरण हेतु परिवहन कार्य के लिए निविदाएं समसंख्या–187 दिनांक 29.01.2016 आमंत्रित की गयी थी, जिसमें आंशिक संशोधन किया जाता है।

**निविदा शर्त के अंश 1 में**

निविदादाताओं को मालवाहक ट्रकों या अन्य उचित मोटर वाहन का दर निविदा में प्रति वाहन लोडिंग एवं अनलोडिंग ( निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा(8वॉ तल) पटना में रखने) के साथ अलग–अलग अंकों तथा शब्दों में दर्शानी होगी तथा अपनी जिम्मेवारी पर उपस्करों की सम्पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ढुलाई करनी होगी। अलग से कोई दर/व्यय देय नहीं होगा।

**के स्थान पर**

निविदादाताओं को मालवाहक ट्रकों या अन्य उचित मोटर वाहन द्वारा परिवहन लोडिंग एवं अनलोडिंग सहित ( निदेशालय बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800004 से कर्पूरी ठाकुर सदन दीघा(8वॉ तल) पटना हेतू सामेकित दर अलग–अलग अंकों तथा शब्दों में दर्शानी होगी तथा अपनी जिम्मेवारी पर उपस्करों की सम्पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ढुलाई करनी होगी। अलग से कोई दर/व्यय देय नहीं होगा।

**पढ़ा जाय।**

अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

29/1/16

(धीरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक